फाइल संख्या-एन-28/2020-हिंदी/ 188

भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

केन्द्रीय जल आयोग

906(द.), सेवा भवन,
आर.के.पुरम, नई दिल्ली-66
दिनांक: 30 जून, 2022

परिपत्र

**विषय : अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के लिए प्रतीक चिह्न (Logo) के संबंध में।**

उपर्युक्त विषय पर गृह मंत्रालय के दिनांक 22.06.2022 के पत्र सं. 12016/10/2022-रा.भा.(का-2)ई.सं.5507 के आलोक में उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-1, दिल्ली के दिनांक 24.06.2022 के पत्र सं. 19/सभी नराकास/2017उ.क्षे.का.का-1(दि.)/524 प्राप्त हुआ है जिसे आवश्यक कार्रवाई हेतु परिचालित किया जाता है।

**संलग्नक : यथोपरि।**

30/6/2022
(रजिन्दर पाल)
उप निदेशक (रा.भा.)

**सभी मुख्य अभियंता (क्षेत्रीय कार्यालय) एवं केंद्रीय जल आयोग के सभी अधिकारी/कर्मचारी।**

भारत सरकार/GOVT. OF INDIA
गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग
MINISTRY OF HOME AFFAIRS, (DEPTT. OF O.L.)
उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-1(दिल्ली)
NORTHERN REGIONAL IMPLEMENTATION OFFICE-1 (DELHI)
तृतीय तल, त्रिकूट-II, आर के पुरम्, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066,
THIRD FLOOR, TRIKOOT-II, R.K. PURAM, BHIKAJI CAMA PLACE, NEW DELHI-110066,
दूरभाष/Telephone 011-20867260, 20867261 ईमेल/Email – ddriodel-dol@nic.in

19/सभी नराकास/2017 उ.क्षे.का.का.-1(दि.)/ 594 दिनांक:24 जून, 2022

सेवा में,

सभी नराकास अध्यक्ष
(हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान
जम्मू और कश्मीर, दिल्ली, चंडीगढ़ एवं लद्दाख)

**विषय:- अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के लिए प्रतीक चिन्ह (Logo) के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के दिनांक 22.06.2022 के पत्र सं. 12016/10/2022 – रा.भा.(का-2)ई.सं.5507 का अवलोकन करें (प्रति संलग्न)।

2. इस संबंध में आपको अवगत कराया जाता है कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार 14 व 15 इस सम्मेलन की अध्यक्षता माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार श्री अमित शाह जी करेंगे। इस सम्मेलन में मुख्य सत्र के अलावा हिंदी से जुड़े विषयों पर कई समानांतर शैक्षिक सत्र आयोजित किए जाएंगे।

3. इस महत्वपूर्ण सम्मेलन हेतु तत्काल एक "**प्रतीक चिन्ह** (Logo) डिजाइन किया जाना है, जिसके लिए एक प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है, जिसमें आपकी भागीदारी अपेक्षित है। इस '**लोगो**' के निर्माण में राजभाषा, हिंदी दिवस, आजादी का अमृत महोत्सव की महत्ता, सम्मेलन के स्थल सूरत शहर एवं गुजरात राज्य की पृष्ठभूमि आदि को रखा जाना समीचीन होगा।

4. चयन समिति द्वारा चुने गए सर्वश्रेष्ठ लोगो (**Logo**) का प्रयोग दिनांक 14-15 सितंबर, 2022 को आयोजित होने वाले दूसरे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ प्रथम 3 'प्रतीक चिन्ह' को राजभाषा विभाग द्वारा पुरस्कार दिए जाएंगे साथ ही प्रतियोगिता के **10** सर्वश्रेष्ठ लोगो (**Logo**) प्रतिभागियों को सचिव, राजभाषा विभाग की ओर से प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे।

5. अत: आपसे अनुरोध है कि राजभाषा विभाग के उक्त संलग्न कार्यालय ज्ञापन को नराकास के सभी सदस्य कार्यालयों में परिचालित करवाने का कष्ट करें।

संलग्नक : यथोपरि।

भवदीय,
24.6.2022
(कुमार पाल शर्मा)
उप निदेशक (कार्यान्वयन)

सं.-12016/10/2022-रा.भा.(का-2) ई. सं. 5507

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

राजभाषा विभाग

***

476
23/6/22

बी विंग, चतुर्थ तल, एन.डी.सी.सी.-2 भवन,
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक: 22.06.2022

## कार्यालय ज्ञापन

विषय: दूसरे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन, सूरत (गुजरात) के लिए प्रतीक चिह्न (Logo) के संबंध में।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा **14 व 15 सितंबर, 2022 को सूरत (गुजरात)** में हिंदी दिवस कार्यक्रम के साथ-साथ दूसरे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन की अध्यक्षता माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार श्री अमित शाह जी करेंगे। इस सम्मेलन में हिंदी दिवस के अवसर पर दिए जाने वाले राजभाषा कीर्ति एवं राजभाषा गौरव पुरस्कार के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही इस सम्मेलन में मुख्य सत्र के अलावा हिंदी से जुड़े विभिन्न विषयों पर कई समानांतर शैक्षिक सत्र आयोजित किए जाएंगे।

2. इस महत्वपूर्ण सम्मेलन हेतु तत्काल एक **'प्रतीक चिह्न (Logo)'** डिजाइन किया जाना है जिसके लिए एक प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है जिसमें आपकी भागीदारी अपेक्षित है। इस 'लोगो' के निर्माण में राजभाषा, हिंदी दिवस, आजादी का अमृत महोत्सव,सम्मेलन के स्थल सूरत शहर व गुजरात राज्य की पृष्ठभूमि आदि को रखा जाना समीचीन होगा।

3. सभी मंत्रालयों/विभागों/उपक्रम/बैंक/स्वायत संगठन/ अधीनस्थ कायालयों से अनुरोध है कि वे अपने-अपने संगठनों से इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों से प्रतीक चिह्न (Logo) का नमूना तैयार करवा कर दिनांक 15.07.2022 तक ईमेल आईडी -- santosh.gupta89@nic.in पर भिजवाना सुनिश्चित करें।

4. चयन समिति द्वारा चुने गए सर्वश्रेष्ठ **लोगो (Logo)** का प्रयोग दिनांक 14 – 15 सितंबर, 2022 को आयोजित होने वाले दूसरे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ प्रथम 3 'प्रतीक चिह्न (Logo)' को राजभाषा विभाग द्वारा पुरस्कार दिए जाएंगे। साथ ही प्रतियोगिता के दस सर्वश्रेष्ठ लोगो (Logo) प्रतिभागियों को सचिव, राजभाषा विभाग की ओर से प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे।

22/06/2022
(बी.एल.मीना)
निदेशक (का.)
दूरभाष: 23438129

प्रति:-

1. सभी मंत्रालयों/विभागों/उपक्रम/बैंक/स्वायत संगठन/ अधीनस्थ कायालयों के प्रमुख।
2. सभी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालयों के प्रमुख।
3. सभी नराकासों के अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव।